सार्स
एयर फ्लाइट परिचारकों के लिए सन्देश
(प्रभावित क्षेत्रों से आने वाली उड़ानें)

कृपया ध्यान दीजिये!

कनाडा सरकार की ओर से सीवियर एक्युट रेसपिरेटरी सिन्ड्रोम अथवा "सार्स" के सम्बन्ध में यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सन्देश है।

यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति के नजदीकी सम्पर्क में आये हैं जो पहले से ही **सार्स** से ग्रस्त है तो आप इससे ग्रस्त हो सकते हैं। **सार्स** का मुख्य लक्षण बुखार है। इसके साथ सूखी खांसी, सांस लेने में परेशानी, ठिठुरन, सिरदर्द और फ्लू की तरह पूरे शरीर में दर्द महसूस हो सकता है।

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो किसी फ्लाइट परिचारक को तुरन्त इसकी जानकारी दें। यदि आपको घर पर या यात्रा करते हुए इनमें से किसी भी लक्षण से ग्रस्त होना लगता है तो आप जहां कहीं भी हों, आपको तुरन्त अपने चिकित्सक अथवा स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिये।

यद्यपि **सार्स** से ग्रस्त होने की सम्भावनायें सामान्यत: कम हैं, तो भी कुछ सरल चीजें हैं जो इस बीमारी के फैलाव को रोकने में मदद करने के लिये की जा सकती हैं जैसे कि अपने हाथों को बार-बार धोना।

आपको दो दस्तावेज दिये जायेंगे। पहला दस्तावेज जो कि पीला है, "**हेल्थ अलर्ट नोटिस**" कहा जाता है। इसमें **सार्स** के संकेतों और लक्षणों का वर्णन है। फॉर्म पर तीन प्रश्न दिये गये हैं जिनका आपको उत्तर देना चाहिये। अपने उत्तरों पर गोल घेरा बनायें और जब आप उतरें तो फॉर्म को कस्टम अधिकारी के पास ले जायें। कस्टम अधिकारी आपके द्वारा भरे हुए फार्म की जाँच करेगा। यदि आपने किसी प्रश्न का उत्तर हाँ में दिया है तो कस्टम क्षेत्र के अन्दर एक संक्षिप्त जांच की जायेगी। बाद में सन्दर्भ के लिये, अथवा यदि आपको किसी चिकित्सक के पास जाना पड़े तो इस फॉर्म को अपने पास रखें।

दूसरा दस्तावेज "**ट्रैव्लर कान्टैक्ट इनफॉर्मेशन (यात्री सम्पर्क सूचना)**" कहलाता है। इसे सावधानी पूर्वक भरा जाना चाहिये। **सार्स** के सम्भव प्रकटीकरण के मामले में कनाडा सरकार को इस सूचना की जरूरत है। याद रखें, इन फॉर्मो को पूरा भरना महत्वपूर्ण है। यदि आपको सहायता की जरूरत हो तो कृपया हमें बतायें। यह सूचना *फेडेरल क्वारन्टीन एक्ट* के अन्तर्गत मांगी गयी है और आपके हवाई जहाज से उतरने के समय यह आप से ली जायेगी।

यद्यपि फॉर्म अंग्रेजी और फ्रेंच में दिये जाते हैं, परन्तु हम आपको हर बात के लिए निर्देश मैन्डरिन, कैन्टोनीज, वियतनामी, पंजाबी, हिन्दी, कोरियाई और जापानी भाषा में प्रदान कर सकते हैं।

कनाडा सरकार **सार्स** को समझने और इसके फैलाव को रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। यदि आपको **सार्स** के बारे में और अधिक जानकारी चाहिये तो आप पीले फॉर्म पर दी गयी Health Canada SARS वेबसाइट देख सकते हैं अथवा **1-800-465-8302** पर **सार्स** सूचना लाइन को फोन कर सकते हैं।

हम आपके सहयोग के प्रति अत्यन्त कृतज्ञ हैं।